पंजाब केसरी 11/01/2024

जी.एम.एन. कालेज में क्लाइमेट रियलिटी विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 10 जनवरी (बलराम): जी.एम.एन. कालेज अम्बाला छावनी और क्लाइमेट रियल्टी प्रोजैक्ट भारत एवं दक्षिण एशिया के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हरित परिसर को प्रफुल्लित करना है। इसके अलावा यह नैक के 7वें मापदंड में गुणवत्ता स्थापित करने के लिए आयोजित की गई। इसके साथ-साथ अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ वातावरण, हवा का शुद्ध रूप सभी को प्राप्त हो सके, वातावरण में शुद्धता किस प्रकार स्थापित होगी जैसे पहलुओं पर कार्यशाला में व्यापक रूप से चर्चा की गई।

इस कार्यशाला में चर्चा की गई कि उन सभी तरीकों और तकनीक को व्यावहारिक स्तर पर किस प्रकार लागू किया जा सकता है जिससे अधिकतम ताप को नियंत्रित किया जा सके। कार्यशाला में बताया गया कि पर्यावरण की सुरक्षा किसी एक व्यक्ति या संस्था द्वारा संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए हमें संयुक्त रूप से प्रयास करने होंगे।

जी.एम.एन. कालेज अम्बाला छावनी और क्लाइमेट रियल्टी प्रोजैक्ट भारत एवं दक्षिण एशिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते प्रतिभागी।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि प्रदूषण आंतरिक स्तर पर हो या बाहरी स्तर पर, दोनों ही जगह घातक हैं। इसलिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के पुरजोर प्रयास करने चाहिए।

इस समिति की अध्यक्ष डा. शिखा जग्गी ने कहा कि वर्तमान समय की महत्वपूर्ण मांग है कि हम अपने पर्यावरण को अधिक से अधिक सुरक्षा प्रदान करें, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

कार्यशाला में जी.एम.एन. कालेज की ओर से डा. राकेश कुमार, डा. अमिता, डा. कुलदीप यादव, डा. धर्मवीर सैनी, डा. नेहा अग्रवाल, कुणाल, अभिषेक, दिया और भारती ने भाग लिया।